# अरुल अशोक अरोरा के नतृत्व में सांवरिया सेठ मंडफिया धाम पद यात्रा आज , गूंजेगी गायक रावणा की भजन स्वर लहरियां

**नीमच (सुभाष व्यास) ।**

सांवरिया भक्त मंडल के बैनर तले 4 फरवरी को अरुल अशोक अरोरा के नेतृत्व में नीमच से मंडफिया धाम सांवरिया सेठ के दरबार में पहुंचने वाली हजारों भक्तों की आस्था के साथ दो दिवसीय पदयात्रा की पूर्व संध्या आज पार्क चौराहा नीमच पर सुप्रसिद्ध भजन गायक छोटू सिंह रावणा की भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें रावणा सांवरिया सेठ की भक्ति की अलख जगाकर अपनी स्वर लहरियों से हजारों भक्तों की आस्था को गदगद करेंगे। 4 फरवरी को सुबह 8.30 बजे हजारों भक्तों का कारवां पदयात्रा शुरू कर सांवरिया सेठ की जयकार करता हुआ मंडफिया धाम के लिए प्रस्थान करेगा । इस पदयात्रा को अंतिम रूप देने एवं व्यवस्थाओं को लेकर सोमवार दोपहर श्री किलेश्वर महादेव मंदिर में विशेष बैठक आयोजित की गई है। बैठक में यात्रा मार्ग, ठहराव, भोजन, जल सेवा, चिकित्सा सहायता एवं भजन संध्या सहित विभिन्न सेवाओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में यात्रा के दौरान नीमच व निम्बाहेड़ा क्षेत्र में सेवा देने वाले सेवादारों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। निसंदेह यह पदयात्रा धार्मिक आस्था का प्रतीक बनकर सद्भावना, सहयोग, सेवा और भक्ति का संचार करेगी। बैठक में समाज सेवी अशोक अरोरा



गंगानगर, गोपाल गर्ग जीजी,अंकित चौरसिया,मनीष जोशी,मोनू लोक्स , हरीश दुआ आदि सदस्य और सेवादार उपस्थित थे । 4 फरवरी 2026 बुधवार को सुबह 8:30 बजे नीमच से लगभग 90 किलोमीटर की सांवरिया सेठ मंडफिया धाम पहुंचने वाली दो दिवसीय पद यात्रा को लेकर अंचल के हजारों भक्तों की आतुरता 4 फरवरी की सुबह का इंतजार करती नजर आ रही है। सांवरिया भक्त मंडल द्वारा जोर -शोर से पद यात्रा का प्रचार प्रसार कर भक्तों के आस्था को आमंत्रित किया जा रहा है। इसकी तैयारियां भी लगभग पूर्ण हो चुकी है। सांवरिया भक्त मंडल के अरुल अरोरा गंगानगर ने बताया कि इस पद यात्रा को दिव्य और भव्य रूप देने के प्रयास किए गए है। चिकित्सा सुविधाओं के लिए मेडिकल टीम साथ चलेगी। पूरी यात्रा के दौरान भजन कीर्तन गायन सहित अन्य धार्मिक आयोजनों को लेकर बेहतरीन भजन गायकों को बुलाया गया है।जगह–जगह विभिन्न संगठन और समाजसेवियों द्वारा यात्रा का स्वागत, अभिनंदन अगवानी की जाएगी । यात्रा की पूर्व संध्या 3 फरवरी मंगलवार को भव्य भजन संध्या का आयोजन लायंस पार्क चौराहे पर शाम 7:30 बजे हुआ जिसमें प्रख्यात भजन गायक छोटू सिंह रावणा ने अपनी प्रस्तुति से हजारों भक्तों को गदगद कर दिया । आज 4 फरवरी को नीमच से प्रस्थान करने वाली इस पदयात्रा का निम्बाहेडा (राजस्थान) कृषि उपज मंडी परिसर में रात्रि पडाव होगा । इस दौरान भी यहां भजन संध्या का आयोजन होगा। अगले दिन 5 फरवरी 2026 को अल सुबह पद यात्रा निंबाहेड़ा से प्रस्थान कर दोपहर में मंडफिया धाम पहुंचेगी। मंडफिया धाम में भक्तों की भोजन प्रसादी के लिए विशाल भंडारा होगा ।

### पड़दा प्रतिष्ठा महोत्सव में....

## जैन साधु-साध्वियों का बैंड-बाजों के साथ हुआ मंगल प्रवेश



**मनासा।** क्षेत्र के ग्राम पड़दा में 04 फरवरी से नूतन जैन मंदिर में भगवान आदिनाथ की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 03 फरवरी को नगर में जैन साधु-साध्वियों का मंगल प्रवेश हुआ। बैंड-बाजों के साथ नाचते-गाते,धूम-धाम से जैन समुदाय के श्रावक-श्राविकाएँ एवं नगर के अन्य ग्रामीण जन अगवानी करते हुए शोभायात्रा में चल रहे थे। नगर में जगह-जगह स्वागत द्वार सजे हुए थे। समाजजन द्वारा अनेक स्थलों पर आचार्यश्री परम् पूज्य श्री चन्द्ररत्न सागर सूरीश्वर जी मसा.की अक्षत गवली से अगवानी की गयी। जुलूस नगर के कृष्णा पेट्रोल पम्प से प्रारम्भ होकर मुख्य मार्गों से होता हुआ। श्रीमाल निवास पर धर्मसभा में परिवर्तित हुआ। परम् पूज्य आचार्य भगवंत एवं मुनिराज चैत्यरत्न सागर जी मसा. ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए प्रतिष्ठा के महत्व को समझाया। स्वागत भाषण श्रीमाल परिवार के प्रतिनिधि एवं सरपंच सुभाष श्रीमाल ने प्रस्तुत किया। स्वागत गीत पदम् कुमार जैन एवं मनासा बहू मंडल द्वारा प्रस्तुत किया गया।धर्मसभा में गणेश जैन ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर मंदिर जीर्णोद्धार प्रेरिका एवं प्रवचन प्रभाविका परम् पूज्य सौम्य यशा श्रीजी मसा.,पूज्य कल्पद्रुमा श्रीजी मसा.,पूज्य अर्पिता श्रीजी मसा.पूज्य रश्मिता श्रीजी मसा.,पूज्य समर्पिता श्रीजी मसा.एवं पूज्य पंथ सिध्दि श्रीजी मसा. भी विराजित थे। कार्यक्रम में मनासा श्रीसंघ सहित आसपास के कई जैन धर्मावलम्बी उपस्थित थे। समापन स्वामीवात्सल्य के साथ हुआ।

## मंदसौर में महादेव महोत्सव 15 को

***मंदसौर ।** संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन द्वारा मंदसौर के पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित आराधना हॉल में शिव–सत्य की कला अभिव्यक्तियों पर एकाग्र 'महादेव महोत्सव' का आयोजन 15 फरवरी, 2026 को सायं 6.30 बजे से किया जाएगा। समारोह में लोक गायन, शिव केंद्रित नृत्य नाटिका एवं भक्ति गायन की प्रस्तुतियाँ संयोजित की जाएंगी। यह आयोजन जिला प्रशासन, मंदसौर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव में पहली प्रस्तुति इंदौर के मुकेश चौहान एवं साथी कलाकारों के लोक गायन की होगी। इसके पश्चात देवास के प्रफुल्ल सिंह गहलोत एवं साथी कलाकार शिव केंद्रित नृत्य नाटिका पेश करेंगे। अंतिम सभा में भोपाल के अखिलेश तिवारी एवं साथी कलाकार भगवान शिव पर केंद्रित भक्ति गायन की प्रस्तुति देंगे।

# नीमच पुलिस की प्रभावी कार्यवाही , रात्रि में कॉम्बिंग गश्त के दौरान 135 गैर जमानती वारंट तामील

### मायनर एक्ट के अंतर्गत आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 21 प्रकरणों में कार्यवाही, गंभीर अपराधों एवं धारा 193(9) बीएनएसएस/173(8) द.प्र.सं. में फरार चल रहे 02 आरोपी गिरफ्तार

**नीमच।** जिला पुलिस अधीक्षक नीमच के निर्देशानुसार नवलसिंह सिसोदिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच के मार्गदर्शन में दिनांक 02/03.02.2026 की दरम्यानी रात्रि में जिला नीमच के समस्त थाना क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त का आयोजन किया गया है। कॉम्बिंग गश्त के दौरान जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी/थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी एवं पुलिस बल द्वारा सम्पूर्ण जिले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी, निगरानी/गुण्डा बदमाशों की चैकिंग, होटल/लॉज/ढाबा चैकिंग, लघु अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही, गंभीर अपराधों में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी, महिला संबंधी अपराधों के आदतन



आरोपियों की चैकिंग, हेतु सम्पूर्ण जिले में कॉम्बिंग गश्त का आयोजन किया गया, कार्यवाही के दौरान 1. कॉम्बिंग गश्त के दौरान 12 स्थानों पर संयुक्त चैकिंग की कार्यवाही की गई, जिसमें चैकिंग के दौरान 340 वाहन चैक किए जाकर 44 वाहनों के चालान काटे जाकर 16600/- रूपये का समन शुल्क वसुल किया गया तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की चैकिंग की जाकर धारा 185 मो.व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। 2. कुल 135 वारंट तामील कराये गये जिसमें से 55-स्थाई, 80-गिरफ्तारी वारंट शामिल है, उक्त स्थाई वारंटी काफी समय से फरार चल रहे थे।

3. वारंट तामीली में मादक पदार्थ तस्करी - 02, शरीर संबंधी अपराधों के - 77, संपत्ती संबंधी अपराधों के - 25 वारंट तामील कराये। 4.कुल 81 निगरानी बदमाश/गुण्डा की चौकिंग रात्रि में की गई। 5.अवैधानिक गतिविधियों को रोकने के लिये 68 होटल, लॉज, ढाबा चेक किये गये। 6.आबकारी अधिनियम के तहत कुल 21 प्रकरणों में कार्यवाही करते हुये 99 लीटर अवैध शराब जप्त की गई। 7.सट्टा अधिनियम के तहत 02 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। 8.जिले में 42 अनावेदकों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। 9.महिला संबंधी अपराधों के 07 आदतन आरोपियों की चैकिंग की जाकर उनकी आमद-रफत, चाल-चलन के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की गई।

## मुल्तानपुरा में मना रविदास जन्मोत्सव, हर्षोल्लास के साथ निकला चल समारोह

**मुल्तानपुरा (मंदसौर)।** ग्राम मुल्तानपुरा में अहिरवार समाज द्वारा प्रथम बार संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महाआरती, चल समारोह आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन और ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अहिरवार समाज संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संत गुरु रविदास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और विधि–विधान से पूजा–अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के वरिष्ठ जनों, युवाओं और मातृशक्ति ने सम्मिलित होकर धर्मलाभ लिया। इस दौरान वक्ताओं ने संत रविदास जी के जीवन और उनके सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डालते हुए अपने उद्बोधन दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अहिरवार समाज संगठन के राजस्थान प्रदेश युवा अध्यक्ष समरथ अहिरवार एवं मंदसौर जिला अध्यक्ष डॉ. चन्द्रशेखर अहिरवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन हरिओम अहिरवार द्वारा किया गया तथा अंत में आभार विनोद अहिरवार ने व्यक्त किया। इस प्रथम जन्मोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में रामचंद्र अहिरवार, धूरालाल अहिरवार, राधेश्याम अहिरवार, बालमुकुंद अहिरवार, श्याम लाल अहिरवार, रमेश अहिरवार,, लाला अहिरवार एवं कबु उर्फ नन्द किशोर अहिरवार सहित गांव की समस्त युवा शक्ति और गणमान्य नागरिकों का सराहनीय योगदान रहा।


**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**विविध कार्य**

**डब्ल्यू/623/एनआईटी/1.** दिनांक : 29/01/2026, मंडल रेल प्रबंधक /मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, के लिये "खुली निविदा" ई–निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार है।

| ई–निविदा सं. एवं कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹) | बयाना राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1. आरटीएम–2025–26–139. चंदेरिया–धोसवास सेक्शन – स्टाफ क्वार्टर (सीओआर, एसएमपी, जीआरएफ एवं एनबीएच रेलवे कॉलोनी) में पानी की आपूर्ति और ड्रेनेज सुविधा का सुधार। | 2,34,09,347.19 | 2,67,100 |
| 2. आरटीएम–2025–26–140. नीमच–मंदसौर सेक्शन – एसएसई/पी.वे/नीमच ऑफिस, डिपो और स्टोर में बिजली के काम सहित सुधार। | 1,30,49,858.15 | 2,15,300 |
| 3. आरटीएम–2025–26–172. डॉ. अंबेडकर नगर (डीएडीएन) – खराब क्वार्टरों (टी/190ए से एन=14 नग, टी/193ए से एफ–06 नग) के स्थान पर 20 यूनिट टाइप 2 क्वार्टर उपलब्ध कराना जिसमें बिजली का काम भी शामिल है। | 4,47,69,420.29 | 3,73,900 |
| 4. आरटीएम–2025–26–173. रतलाम डिवीजन– अजनोद–12 नग और पालिया–08 नग (कुल 20 नग) टाइप 2 क्वार्टर उपलब्ध कराना जिसमें बिजली का काम भी शामिल है। | 4,51,08,038.26 | 3,75,600 |
| 5. आरटीएम–2025–26–174. निम्बाहेड़ा– खराब क्वार्टर नं. जी–33ए से एच–8 नग और टी/16ए से बी–2 नग (कुल 10 नग) के स्थान पर टाइप 2 स्टाफ क्वार्टर (10 नग) का निर्माण जिसमें बिजली का काम भी शामिल है। | 2,28,76,170.64 | 2,64,400 |
| 6. आरटीएम–2025–26–175. सीएनए–आरटीएम सेक्शन– विभिन्न स्टेशनों, एलसी गेट् और गैंग चौल पर 2 वर्ष के लिए टैंकर से पीने के पानी की आपूर्ति। | 54,55,440.64 | 1,09,100 |
| 7. आरटीएम–2025–26–176. बेराच–बेराच केबिन पर एक साथ रिसेप्शन सुविधा के साथ पूरी लंबाई की दूसरी लूप लाइन का प्रावधान। | 1,26,11,336.07 | 2,13,100 |
| 8. आरटीएम–2025–26–177. 1. चित्तौड़गढ़– पीएफ लाइन नं 2 (डीएन एमएल), पीएफ लाइन नं. 4 (कॉमन लूप लाइन) और पीएफ नं. 5 (अप लूप लाइन) पर ब्लास्ट लैस ट्रैक का प्रावधान और 2. उज्जैन स्टेशन– पीएफ नं. 1 (डाउन मेन), पीएफ नं. 3/4 (लूप), पीएफ नं. 5 (लूप) और पीएफ नं. 6 (लूप) लाइन पर ब्लास्टलैस ट्रैक का प्रावधान। | 33,37,98,534.58 | 18,19,000 |
| 9. आरटीएम–2025–26–179. 1. राजेंद्र नगर–सिंहस्थ 2028 के संबंध में स्टेबलिंग लाइन का प्रावधान और 2. लेकोडा में सिंहस्थ 2028 के संबंध में मौजूदा "डी" क्लास को "बी" क्लास में अपग्रेड करना जिसमें बिजली का काम भी शामिल है। | 17,46,63,526.01 | 10,23,300 |
| 10. आरटीएम–2025–26–180. डीईएन नॉर्थ आरटीएम क्षेत्राधिकार के तहत हुक बोल्ट के लिए साइज़ एम–27 लॉक नट एम 027 के लिए सिंगल पीस स्प्रिंग इंसर्टेड रियूजेबल सीज़ नट प्रदान करना और लगाना। | 55,71,467.20 | 1,11,400 |
| 11. आरटीएम–2025–26–181. चंदेरिया–रतलाम फतेहाबाद सेक्शन–डिवीजन इंजीनियर (नॉर्थ) रतलाम के क्षेत्राधिकार में टिम्बल गेदो वोर्सिस ट्रॉली सिस्टम का उपयोग करके प्री और पोस्ट टैम्पिंग ट्रैक माप सर्वेक्षण। | 62,07,081.57 | 1,24,200 |
| 12. आरटीएम 2025–26–182. रतलाम डिवीजन–जीआरपी थाना/बैरक में सुधार/मरम्मत (7 स्टेशन – दाहोद एस, एमजीएन, सीओआर, यूजेएन, एसईएच, आईएनडी और डीएडीएन) का सुधार/मरम्मत। | 52,45,620.57 | 1,04,900 |

**अनुमानित मात्रा** : क्र.सं.–1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11 और 12 के लिए – निविदा अनुसूची के अनुसार। **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : क्र.सं.– 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11 और 12 के लिए – शून्य। **कार्य समापन अवधि** : क्र.सं.–1, 2, 5, 7, 10, 11 और 12 के लिए – 12 महीने। क्र.सं.– 3, 4 और 9 के लिए– 18 महीने। क्र.सं.– 6 और 8 के लिए – 24 महीने। **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि** : क्र.सं. 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11 और 12 के लिए – 29.01.2026. **निविदा खुलने की तिथि** : क्र.सं. 1 और 6 के लिए – 20.02.2026. क्र.सं. 2, 9 और 12 के लिए – 24.02.2026. क्र.सं. 3, 4 और 5 के लिए– 02.03.2026. क्र.सं. 7 के लिए – 06.03.2026. क्र.सं. 8, 10 और 11 के लिए – 27.02.2026. • विस्तृत निविदा सूचना, अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।

**SNP-440**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly


# चांदी की चमक पड़ रही भारी, बाजार में मारामारी

## गिरवी रखी रकम नहीं लौटाने का आरोप लगाकर खड़ा किया हंगामा

**नीमच।** चांदी की चमक यानी उसके दाम का उछाल वाद विवाद व झगड़े की जड़ बनकर नजर आने लगा है क्योंकि इसके बड़े हुए दाम के बाद सर्राफा व्यवसाई वाद विवाद के शिकार होते दिखाई दे रहे हैं आज एक ऐसा ही मामला नीमच के टैगोर मार्ग पर एक चांदी सोने की दुकान संदीप ज्वेलर्स पर नजर आया जिसमें ग्रामीण अंचल के महिला पुरुष दुकानदार से अपने द्वारा गिरवी रखी चांदी के गहनों को लेकर विवाद करते नजर आए। जबकि दुकानदार रकम गिरवी रखने के आप को नकार रहा था। मंगलवार दोपहर यातायात थाने के सामने सोने चांदी की गिरवी रकम छुड़ाने को लेकर आए लोगों ने हंगामा कर दिया। जिसकी वजह से राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई और जाम लग गया। पुराने कैंट थाने के सामने संदीप ज्वेलर्स की दुकान पर ग्रामीण क्षेत्र के बंजारा एवं कालबेलिया समाज की महिलाएं अपनी गिरवी रखी रकम छुड़ाने आई जिसे लेकर उन्होंने हंगामा खड़ा कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 38 वर्षीय कंचन पति कालू बंजारा निवासी आकली तहसील जावद का कहना था कि उन्होंने अपने पति के साथ थाने के सामने संदीप ज्वेलर्स पर 12 साल पहले लगभग 3 किलो चांदी के जेवर गिरवी रखकर पैसे लिए थे जिसे हर साल ब्याज भी जमा कराते थे। अब हमारी बेटी का विवाह होने के कारण हमें रकम की आवश्यकता है लेकिन संदीप




ज्वेलर्स के मालिक अनिल सोनी ने नामा होने से मना कर दिया। विगत एक माह से यह कहकर चक्कर दे रहा है कि कल दूंगा, बाद दूंगा लेकिन हमारे द्वारा गिरवी रखी रकमें नही लौटाई और आज तो साफ मना कर दिया कि गिरवी की कोई लिखा पढ़ी नहीं है। इसी तरह राजस्थान के छोटी सादड़ी तहसील के गांव राजू खेड़ा निवासी महिला रमकू बाई पति गोविंद नाथ जाति बंजारा ने बताया कि उन्होंने आरआर ज्वैलर्स के मालिक राजू सोनी के पास 10 वर्ष पूर्व 1 किलो चांदी के पाट की कड़ी 10 ग्राम सोने का मंगलसूत्र पायजेब आदि ज्वेलरी गिरवी रखी थी जिसे हर 6 महीने में 3:30 हजार रुपए ब्याज भी भरते थे अब रकम मांगने पर उन्होंने साफ मना कर दिया कि कोई रकम नहीं है। इससे आक्रोशित होकर महिला ने हंगामा खड़ा कर दिया और भीड़ एकत्र हो गई।

एक और तीसरे मामले में संतोष पति नाथू नार नाथ कालबेलिया निवासी सुवाखेड़ा का कहना है कि उन्होंने भी 3 किलो चांदी की रकम नया बाजार स्थित आर आर ज्वैलर्स के संचालक राजू सोनी के पास गिरवी रखी थी। ?10हजार ब्याज भी दिया था, 2 किलो की कड़ी चांदी की दो जोड़ पायजेब जेवर आदि सामग्री थी। जो उन्हें नहीं लौटाई जा रही है। चांदी की रकम देने से मना करने के बाद महिला के परिवार जनों द्वारा जमकर हंगामा किया गया और भीड़ इकट्ठा हो गई । केंट थाने के पुलिस कर्मी पहुंचे और दोनों पक्षों को थाने बुलाकर मामले की पूछताछ की है। मामले में संदीप ज्वेलर्स नीमच के संचालक अनिल सोनी का कहना है कि 12 वर्ष पुराना कोई लेनदेन नहीं है महिलाओं को आगे कर झूठा दबाव बनाया जा रहा है किसी प्रकार का कोई लेनदेन नहीं है बाकी नहीं है। महिलाएं झूठ बोल रही है मेरे द्वारा चांदी की रकम कभी गिरवी नहीं रखी गई है। इसमें कोई सच्चाई नहीं है पूरा मामला झूठा है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला पशु कल्याण तथा जिला पशुक्रूरता निवारण समिति की बैठक हुई आयोजित

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला पशुकल्याण समिति तथा जिला पशुक्रूरता निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिह सिसोदिया, उप संचालक पशुपालन डॉ. राजेश पाटीदार एवं सीएमओ दुर्गा बामनिया एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। पशु कल्याण समिति की बैठक में जिला पशु चिकित्सालय पोली क्लिनिक नीमच में छोटे पशुओं के उपचार एवं शेड निर्माण के लिए 1.42 लाख रूपये, बडे पशुओं के लिए कास्टिंग यार्ड निर्माण के लिए 35 हजार रूपये, बडे पशुओं के लिए निर्मित शेड एवं फर्श सुदृढीकरण के लिए 15 हजार इस तरह कुल 1.92 लाख रूपये की राशि स्वीकृति का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही उप संचालक पशुपालन के प्रस्ताव पर पशु




उपचार के कार्य में उपयोग आने वाले उपकरणों के लिए 3.30 लाख रूपये स्वीकृत करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में उप संचालक पशुपालन के प्रस्ताव पर बडे पशुओं की मायनर सर्जरी का शुल्क 20 से बढाकर 50 रूपये करने, पोस्टमार्डम शुल्क 150 रूपये करने, छोटे पशुओं का बधियाकरण शुल्क 20 रूपये एवं बडे पशुओं का बधियाकरण शुल्क 30 रूपये करने का निर्णय भी लिया गया। पशु स्वास्थ्य परीक्षण का शुल्क 100 रूपये करने, प्लास् टर का शुल् क 50 से 100 रूपये करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में जिला पशु कल्याण समिति के वर्ष 2025-26 के आय व्यय का अनुमोदन भी किया गया। जिला पशु कुरता निवारण समिति की बैठक में निराश्रित असहाय पशुओं को राहत पहुंचाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गये। बैठक में बताया गया न. पा. नीमच द्वारा निराश्रित गोवंश को शहर से विस्थापित करने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इन् हें नजदीक की गौशालाओं में विस्थापित किया गया है। जिले की पंजीकृत गोशालाओं में गौ समाधि खाद निर्माण का कार्य जारी है। जिले की निजी गौशालाओं के गौवंश को गौशालाओं से वापस लेने पर शुल्क 1000 रूपये से बढाकर 2500 प्रति पशु करने का निर्णय भी लिया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया ने बताया, कि 1 फरवरी से 3 मई 2026 तक 593 निराश्रितशनों की नसबंदी का कार्य किया गया है। साथ ही 90 श्वानों में एंटीरेबीज टीकाकरण करवाया गया है।


**SMFG INDIA CREDIT COMPANY LIMITED**

**कार्पोरेट कार्यालय:** 2 नार्थ एवेन्यू, मेकर मैक्सिटी, 10वीं मंजिल, बांद्रा कुर्ला काम्लेक्स बांद्रा (ई), मुंबई - 400051

**आधिपत्य की सूचना**

**(अचल संपत्ति बाबद)**

**(अंतर्गत नियम 8 (1) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002)**

यह कि अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा **एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड** पंजीकृत कार्यालय कॉमर्शियल झोन आईटी पार्क , टॉवर बी पहली मंजिल, क्रमांक 111 माउंट पुन्नामल्ली रोड, पोरूर, चेन्नई- 600116, कॉर्पोरेट कार्यालय 2 नार्थ एवेन्यू, मेकर मैक्सिटी, 10वीं मंजिल बांद्रा कुर्ला काम्लेक्स बांद्रा (ई), मुंबई - 400051 के द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (क्रमांक 54 सन 2002) एवं अधिनियम की धारा 13 (12) सहपठित नियम 3 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयुक्त करते हुए निम्न वर्णित ऋणिगणों को डिमांड नोटिस जारी करते हुए उनके ऋण खाता के अंतर्गत बकाया निकल रही राशि को नोटिस प्राप्त होने से 60 दिवस की अवधि में भुगतान करने की मांग की थी। चूंकि निम्न वर्णित ऋणिगण नोटिस में वर्णित बकाया राशि का भुगतान करने में विफल हो गए हैं। अतएव ऋणीगणों को एवं सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा निम्न वर्णित संपत्तियों का अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) सहपठित नियम 8 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत आधिपत्य प्राप्त कर लिया है।

| क्रं. | ऋणीगणों/सहऋणीगणों/जमानतदारों के नाम एवं ऋण खाता क्रमांक | डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि | बंधक रखी गई सम्पत्ति का वर्णन | आधिपत्य की तिथि व प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. सैनी पान सेन्टर 2. विनोद नत्थूलाल 3. सपना सैनी 4. प्रज्वल सैनी (ऋण खाता क्रं. (269401311615075) | 27/10/2025 रु. 81,96,814/- (रुपये इक्यासी लाख छियानवे हजार आठ सौ चौदह सिर्फ) | भूखंड क्रमांक 20 पर स्थित दुकान (बगैर तल व छत के) योजना क्रं. 11, वार्ड क्रं. 14, नगर पालिका नीमच के क्षेत्र में तहसील व जिला नीमच (म.प्र.) भूखंड का कुल क्षेत्रफल 24.55 वर्गमीटर, चर्तुसीमा : पूर्व : जिंदलजी की भूमि, पश्चिम : सड़क, उत्तर : जिंदलजी की भूमि दक्षिण : जिंदलजी की भूमि | 29/01/2026 (सांकेतिक आधिपत्य) |

ऋणीगणों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को सामान्य रूप से सचेत किया जाता है कि वे निम्न वर्णित संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार नहीं करें। इन संपत्तियों के संबंध में किए गए किसी भी तरह के संव्यवहार पर एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड का उपरोक्त वर्णित **बकाया राशि** एवं आगे की अवधि का ब्याज जोड़ते हुए कुल राशि प्रभार रहेगा। ऋणीगण का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) में प्रतिभूत आस्ति को बकाया राशि का भुगतान कर वापस प्राप्त करने हेतु उपलब्ध समय अवधि की तरफ भी आकर्षित किया जाता है।

**दिनांक : 04.02.2026**
**स्थान : नीमच (म.प्र.)**

**हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी**
**एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड**